17 OCT 12 2026.qxd 16-10-2026 23:29 Page 1

वैदिक मंत्रोच्चारके साथ मांका आवाहन, धारण कराया अस्त्र-शस्त्र

बारवारियोंके पण्डालमें दुर्गा प्रतिमाओंकी हुई प्राण प्रतिष्ठा

शहर के दर्जनभर पूजा पंडालों में बारवारियों की ओर से दुर्गा पूजा महोत्सव आगाज षष्ठी पर किया गया। पण्डालों में विराजीं मां का आवाहन करते हुए प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा की गयी। इस दौरान बोधन एवं अधिवास भी किया गया। मां को अस्त्र-शस्त्र धारण कराने के बाद पूजन किया गया और फिर लोगों के दर्शन के लिए मां का पट खोल दिया गया।

कर्नलगंज, टैगोर टाउन, दरभंगा, अशोक नगर, बाई का बाग, नेतानगर, कटघर, एलनगंज एवं शास्त्रीनगर सहित अन्य पंडालों में मां दुर्गा का जागृत किया गया। षष्ठी तिथि पर शुक्रवार को मां भगवती का आह्वान, अधिवास (घट स्थापना) एवं प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा से महोत्सव शाम को शुरू हुआ। मां का आवाहन करने के साथ उनकी भुजाओं में शंख, गदा, तलवार, चक्र एवं त्रिशूल और आभूषण पहनाये। सुबह पंडालों में विधिविधान से बंगाली रीतिरिवाजों से पुरोहितों की अगुवाई में घट स्थापना की गयी। शाम को प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित किया जाएगा। जीटीबी नगर सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमेटी, करेली बी ब्लाक की ओर से मां दुर्गा की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ सम्पन्न हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एमएल कान्वेंट ग्रुप आफ स्कूल्स के चेयरमैन पुनीत वर्मा ने मां दुर्गा की पूजन-अर्चन कर आरती उतारी और दीप प्रज्ज्वलित कर दुर्गा महोत्सव का शुभारंभ किया। इस मौके पर कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप कुमार दत्ता, महा-सचिव रजत घोष और कोषाध्यक्ष संदीप बछार ने मुख्य अतिथि और केपी ट्रस्ट के पूर्व प्रवक्ता सुमित श्रीवास्तव को अंगवस्त्रम पहनाकर और मां की प्रतिमा भेंट कर स्वागत किया। कमेटी अध्यक्ष ने बताया कि आने वाले दिनों में सांस्कृतिक कार्यक्रम, भंडारा, सिंदूर खेला और विजयादशमी पर भव्य विसर्जन का आयोजन किया जाएगा।

चुंगी चौराहाके पाससे ई-रिक्शा चोरी

कीडगंज थाना क्षेत्र के चुंगी चौराहे के पास से एक ई-रिक्शा चोरी हो गया। पीड़ित ने अज्ञात चोर के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी है। नैनी थाना क्षेत्र के पूरा फतेह मोहम्मद निवासी सैफ अली ने कीडगंज पुलिस को बताया कि उनके पास एपीएम कंपनी का ई-रिक्शा है। १२ अगस्त की सुबह करीब ११ बजे ई-रिक्शा लेकर कीडगंज क्षेत्र के चुंगी चौराहे के पास गए थे। इसी दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनका ई-रिक्शा चोरी कर लिया। काफी खोजबीन करने के बाद भी ई-रिक्शा का पता नहीं चला। इसके बाद पीड़ित ने १६ अक्टूबर को कीडगंज थाने में तहरीर दी है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर चोर की तलाश में जुट गयी है।



कर्नलगज बारवारी : मूर्ति स्थापनाके बाद पूजन-अर्चन करते पुजारी।

खूनी व बादी बवासीर में बेहद असरकारक
अर्शवेदा कैप्सूल
सुविचार
कभी भी दिन को छोटा न समझें, क्योंकि आज का दिन कल की सफलता का आधार है।
ARSHVEDA Capsule
AN AYURVEDIC MEDICINE FOR PILES Power of 9 Herbs
• 100% आयुर्वेदिक • सुरक्षित • असरदार
Customer Care : 9628078000
www.rphealthgroup.com
Also available at TATA 1mg amazon Flipkart

मइयाका चोला है रंगला, शेरोवालीका चोला है रंगला...

प्रयागराजमें गूंज रहे देवी गीत, पूजन-अर्चनमें जुटे भक्त, शारदीय नवरात्रकी षष्ठीपर देवी मंदिरोंमें लगी कतार, किया मांका श्रृंगार दर्शन

शारदीय नवरात्र पर देवी गीतों से पूरा प्रयागराज गुंजायमान हो रहा है। मइया का चोला है रंगला, शेरोवाली का चोला है रंगला... सहित दर्जनों गीत सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो रहे हैं। नवरात्र की षष्ठी पर देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के कत्यायनी स्वरूप का पूजन एवं दर्शन किया। मां का पूजन करने के लिए श्रद्धालु थाल सजाकर लाइन में लगकर अपनी बारी का इंतजार करते दिखे। सुबह से तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मां अलोप शंकरी मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी। भक्तों ने लाल चुनरी, नारियल और फूल चढ़ाकर परिवार की खुशहाली की प्रार्थना की। मंदिर परिसर में दिनभर भक्ति का माहौल बना रहा। इस मौके पर बच्चों का मुंडन संस्कार भी कराया गया। मां कल्याणी देवी के धाम में मां के कात्यायनी स्वरूप के अलौकिक श्रृंगार का दर्शन कर भक्तजन कृतकृत्य हो गये। लम्बी कतार में लगे श्रद्धालु मां के जयकारे के साथ मां को फूल, नारियल, चुनरी अर्पित कर अपने परिवार की मंगलकामना की प्रार्थना की। चतुर्भुजी स्वरूप में सिंह पर आसीन अनेक आभूषणों एवं बहुरंगी पुष्पों से मां का श्रृंगार किया गया। शाम सात बजे महाआरती एवं रात्रि १२.३० शयन आरती पं. सुशील पाठक ने किया। प्रातः ५.१५ बजे मां कल्याणी जी के पूजन के पश्चात मंगला आरती पं. श्याम जी पाठक ने उतारी। शुक्रवार के कारण बड़ी संख्या में भक्तों ने अपने बच्चों का मुंडन संस्कार मंदिर प्रांगण में करवाया। शरदचंद्र ग्रहण में भक्तों ने पूजन की आहुतियां डाली। महापौर ने मां कल्याणी देवी की आरती पूजन किया। मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि मेले की व्यवस्था में अनिल पाठक कृष्ण कुमार पाठक आचार्य संतोषानंद, सुधीर पाठक महेंद्र तिवारी आदि लगे रहें। इसी क्रम में मीरापुर स्थित प्राचीन राजराजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी सिद्धपीठ मां ललिता देवी मंदिर में माता के कात्यायनी स्वरूप का बहुरंगी फूलों से भव्य एवं दिव्य श्रृंगार किया गया। प्रातः मंगला आरती की गयी। मां को नारियल, चुनरी चढ़ाने के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी रही। कई परिवारों ने मुंडन और कर्णछेदन संस्कार भी कराये। मंदिर समिति के अध्यक्ष हरिमोहन वर्मा और महामंत्री प्रदीप जायसवाल ने बताया कि ११ विद्वान ब्राह्मणों द्वारा दुर्गा सप्तशती का सस्वर पाठ किया गया। शाम को महिला मंडली द्वारा ढोलक-मंजीरे की थाप पर माता के भजनों की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। 'मैया का चोला है रंगला, शेरों वाली का चोला है रंगला' भजन पर महिला भक्त भाव-विभोर होकर झूम उठीं और नाचने लगीं। रात्रि में सत्य चंडी महापाठ, रात्रि १२ बजे शयन आरती की गयी। इस मौके पर मीडिया प्रभारी सुमित श्रीवास्तव, महेन्द्र मालवीय, उमेश मिश्रा, गिरिशंकर प्रभाकर, संजय उपाध्याय, प्रमोद अरोरा, दिलीप केशरी, अनूप केशरवानी, हरीश खरे, कमलेश, अंकित, बजृमोहन शुक्ला आदि व्यवस्था संभालने में लगे रहे।



दोपहर तक मां का पूजन अर्चन और फिर शाम को मां के अलौकिक श्रृंगार का दर्शन किया। शुक्रवार होने के कारण अलोपशंकरी, मां कल्याणी देवी एवं मां ललिता देवी, मां खेमा माई सहित सभी देवी मंदिर में देर रात

राज्यसभा सांसद राधा कांत ओझाका किया अभिनंदन

(विधि संवाददाता)

नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद राधाकांत ओझा का डीजीसी कार्यालय में शुक्रवार शाम को शासकीय अधिवक्ताओं ने गरिमापूर्ण कार्यक्रम में उनका अभिनंदन एवं सम्मान किया।कार्यक्रम में जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी मनोज पांडे, बार कौन्सिल के पूर्व अध्यक्ष देवेंद्र नाथ मिश्र नगरहा ,विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रभारी रणजीत सिंह, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष के बी तिवारी, मंत्री वरुण सिंह, पूर्व मंत्री दिनेश पांडेय, अधिवक्ता देवेश शुक्ला, शासकीय अधिवक्ता मृत्युंजय त्रिपाठी,गुलाबचंद अग्रहरि,सुशील वैश्य, अखिलेश बिसेन, अमित मालवीय, राहुल मिश्रा, ढाल सिंह,के के दुबे,सविता पाठक, राजकुमार सोनी, पवन गोविंद, रत्नेश मिश्रा, राधा , मारुत्यानंद मिश्र, बालकृष्ण मिश्रा, संजीव तिवारी आदि उपस्थित रहे।

गंगाके कटानमें तीन मंजिला बजरंगदास का आश्रम ढहा, एक शिष्य लापता

झूंसीके बदरा सोनौटी गांवके पासकी घटना, दो शिष्योंको सुरक्षित निकाला गया, सामान निकालने पहुंचे थे तीन शिष्य, हरीश सिंहकी तलाशमें चल रहा रेस्क्यू

गंगा के बढ़ते जलस्तर के बीच शुक्रवार देर शाम कटान के चलते बदरा सोनौटी गांव के सामने रेती पर बना बजरंगदास आश्रम ढह गया। तीन मंजिला आश्रम के मलबे और गंगा के पानी की चपेट में तीन शिष्य आ गए। इनमें से दो को किसी तरह सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जबकि कोटवा निवासी ४० वर्षीय हरीश सिंह लापता हो गए। उनकी तलाश में झूंसी और दारागंज पुलिस के साथ जल पुलिस की टीमें देर रात तक जुटी रहीं। घटना के बाद स्वामी बजरंगदास और उनके शिष्यों व अनुयायियों में अफरातफरी मच गयी।

झूंसी संवाददाता से मिली जानकारी के अनुसार स्वामी बजरंगदास ने करीब दो दशक पहले बदरा सनौटी गांव के सामने गंगा किनारे रेती पर तीन मंजिला आश्रम बनवाया था। हर साल बरसात में गंगा का जलस्तर बढ़ने के बावजूद वह आश्रम में ही रहते थे। इस बार जलस्तर बढ़ने के साथ ही आश्रम के कमजोर होने से कटान का खतरा बढ़ गया था। पुलिस और प्रशासन के आग्रह पर स्वामी बजरंगदास पिछले कुछ दिनों से आश्रम के बाहर मोटरबोट में रह रहे थे। पुलिस के मुताबिक, शुक्रवार शाम करीब सात बजे स्वामी बजरंगदास के तीन शिष्य संदीप निषाद, हरीश सिंह निवासी कोटवा और सोनू पंडित निवासी नैनी आश्रम में सामान निकालने पहुंचे थे। इसी दौरान अचानक तीन मंजिला आश्रम भरभराकर ढह गया। हादसे में तीनों शिष्य इसकी चपेट में आ गए। घटना के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। लोगों ने किसी तरह संदीप निषाद और सोनू पंडित को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, लेकिन हरीश सिंह का पता नहीं चल सका। आश्रम ढहने की सूचना मिलते ही झूंसी और दारागंज पुलिस सक्रिय हो गई।

जल पुलिस की मदद से लापता शिष्य की तलाश शुरू की गई। देर रात तक उनकी खोजबीन जारी थी। एसीपी झूंसी अरुण पराशर ने बताया कि गंगा के कटान की वजह से आश्रम ढह गया। इसकी चपेट में तीन लोग आ गए थे। दो लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया है, जबकि एक व्यक्ति लापता है। उसकी तलाश के लिए हरसंभव प्रयास किया जा रहा है।

मांके कालरात्रि स्वरूप का दर्शन-पूजन आज

मां दुर्गा की सातवी शक्ति कालरात्रि के नाम से जानी जाती है। कालरात्रि की उपासना करने से ब्रह्मांड की सारी सिद्धियों के दरबाजे खुलने लगते है और तमाम असुरी शक्तियां उनके नाम के उच्चारण से ही भयभीत होकर दूर भागने लगती है। नाम से अभिव्यक्त होता है कि मां दुर्गा की यह सातवी शक्ति कालरात्रि के नाम से जानी जाती है अथीत जिनके शरीर का रंग घने अंधकार की तरह एकदम काला है। नाम से ही जाहिर है कि इनका रूप भयानक है। सिर के बाल बिखरे हुए है और गले में विद्युत की तरह चमकने वाली माला है। अंधकारमय स्थितियों की विनाश करने वाली शक्ति है। कालरात्रि। काल से भी रक्षा करने वाली यह शक्ति है। इस देवी के तीन नेत्र है। यह तीनों ही नेत्र ब्रह्मांड के समान गोल है। इनकी सांसों से अग्नि निकलती रहती है। यह गर्दभ की सवारी करती है। ऊपर उठे हुए दाहिने हांथ की वर मुद्रा भक्तों को वर देती है। दाहिनी ही तरफ का नीचे बाला हांथ अभय मुद्रा भक्तों को वर देती है। यानी भक्तों को हमेशा निडर रहे। बायी तरफ के ऊपर ऊपर वाले हांथ में लोहे का कांटा एवं नीचे वाले हांथ में खड़ग है। इसीलिए यह यह शुभकरी कहलाई। इनमे भक्तों को किसी भी प्रकार से भयभीत या आंतकित होने की कतई आवश्यकता नहीं। उनके साक्षात्कार से भक्त पुण्य का भागी बनता है। कात्ररात्रि की उपासना करने से ब्रह्मांड की सारी सिद्धियों के दरवाजे खुलने लगते है। तमाम माम असुरी शक्तियों उनके नाम के उच्चारण से ही भयभीत होकर दूर भाग जाते है। इसलिए दानव, दैत्य, राक्षस दे और भूत-प्रेत उनके स्मरण से ही भाग जाते है। यह ग्रह बाधाओं को भी दूर करती है। अग्नि, जल, जंतु, रात्रु एवं रात्रि भय दूर हो जाते है। इनकी कृपा से भक्त हर तरह के भय - मुक्त हो जाता है।



रुपयेके लेनदेनमें अधिवक्तासे मारपीट, धमकी

रुपये के लेनदेन को लेकर दो अधिवक्ताओं के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि रुपये वापस मांगने पर एक व्यक्ति ने अधिवक्ता सचिन यादव से मारपीट की। बीच-बचाव करने पहुंचे उनके साथी ज्ञानेंद्र के साथ भी गाली-गलौज की गई। कैंट पुलिस मुकदमा दर्ज जांच की जा रही है। सोरांव थाना क्षेत्र के सराय बृज सिंह निवासी सचिन यादव के मुताबिक, वह अपने साथी ज्ञानेंद्र के साथ न्यायिक कार्य से हाईकोर्ट गए थे। उनकी मुलाकात जौनपुर के बदलापुर थाना क्षेत्र के ददवा गांव निवासी सर्वेश कुमार यादव से हुई। आरोप है कि सचिन और ज्ञानेंद्र ने सर्वेश से अपने रुपये वापस मांगे तो उसने पहले दी गई तहरीर वापस लेने के बाद ही रुपये लौटाने की बात कही। इस पर दोनों ने विरोध किया तो आरोपित गाली-गलौज करने लगा। आरोप है कि उसने सचिन का कॉलर पकड़ लिया और उनकी दाहिनी बांह मरोड़ दी। इससे उनके हाथ में गंभीर चोट आई और फ्रैक्चर हो गया।

बीच-बचाव करने पहुंचे ज्ञानेंद्र के साथ भी अभद्रता और गाली-गलौज की गई। आरोपित ने जाते समय दोबारा रुपये मांगने पर जान से मारने की धमकी दी।

दारागंजमें हनुमानने जलायी लंका, मां कालीके रौद्र प्रदर्शनसे सहमे लोग

मां कालीका पांच दिवसीय प्रदर्शन सम्पन्न, आज निकलेगा हनुमान दल

श्री दारागंज रामलीला कमेटी की ओर से शुक्रवार को अलोपीबाग लीला मैदान में लंका दहन का मंचन किया गया। इस दौरान हनुमान की पूंछ में आग लगा गयी, जिससे हनुमान द्वारा लंका जलाने का मंचन हुआ। इसी क्रम में पांच दिवसीय मां काली के रौद्र रूप के प्रदर्शन के अंतिम दिवस पर मां का रौद्र और बढ़ गया। जिसे देखकर जहां बच्चे सहम गये, वहीं बड़े बुजुर्गों ने मां की पूजा कर आशीर्वाद लिया।

सर्वप्रथम रामलीला कमेटी की ओर से भगवान की सवारी श्रृंगार भवन से निकलकर, जीटी रोड होते हुए अलोपीबाग लीला मैदान पहुंची। वहां लीला संयोजक सियाराम शास्त्री के निर्देशन में हनुमान रावण संवाद, लंका दहन एवं रामेश्वरम की स्थापना तक की लीला हुई। वहां से भगवान की सवारी प्रयागराज संगम स्टेशन पहुंचीं। वहां पर संजय निषाद, कमेटी के अध्यक्ष कुल्लू यादव, महामंत्री जितेंद्र गौड़ ने पूजन किया। जिसके बाद दारागंज में मां काली के रौद्र रूप का प्रदर्शन शुरू हुआ। प्रदर्शन का अंतिम दिवस होने के कारण सड़क, गली सब खचाखच भरी रही। मां काली जीटी रोड होते हुए पंडित ध्रुव नारायण शुक्ला के आवास पर पहुंची, जहां उनके साथ भगवान की विशेष पूजा अर्चना की गयी। विभिन्न तरह के खुशबू से मां का श्रृंगार किया गया। लोबान की खुशबू से मां का चेहरा और विकराल हो गया। वहां से भगवान की सवारी माधव मंदिर, मध्य दारगंज पंडित धर्मराज पाण्डेय चौराहा पर पहुंची। वहां श्रद्धालुओं के साथ नगर निगम जोन चार की अध्यक्ष अनुपमा पाण्डेय, सारिका चौरसिया के नेतृत्व में आरती पूजन अर्चन किया गया। वहां से मां काली बड़ी कोठी होते हुए बक्शी त्रिमुहानी तक गयी। इस बीच जगह-जगह पर भक्तों के द्वारा मां काली को नारियल, नींबू, जायफल की बलि दी गयी। बक्शी त्रिमुहानी पहुंचने के बाद मां काली दल के अंतिम दिवस का समापन हुआ। इस मौके पर ओम प्रकाश चौधरी, अरविंद पाण्डेय, हीरालाल यादव, राजू, रिंकू शुक्ला, राहुल यादव, पच्चू यादव, सुरेंद्र गौड़, विजय सोनकर, संजय पाठक, राजेंद्र पालीवाल, मुन्ना आजाद, अशोक चौरसिया, विक्कू निषाद, गोलू चौरसिया, पवन यादव, राजा मिश्रा, सूरज निषाद, शिबू सोनी आदि लोग रहे। कमेटी के मीडिया प्रभारी तीर्थराज पाण्डेय बच्चा भैया ने बताया कि दारागंज का ऐतिहासिक हनुमान दल १७ अक्तूबर की रात आठ बजे बक्शी त्रिमुहानी से सज धज के साथ निकलेगा। उसके पहले शाम छह बजे प्रयागराज सेवा समिति की ओर से सभी पांचो कालीपत्र का सम्मान समारोह मध्य दारागंज में पंडित धर्मराज पाण्डेय चौराहे पर होगा।



दुर्गा पण्डालोंकी बिजली विभाग करेगा नियमित जांच

दुर्गा पूजा पण्डालों की नियमित रूप से विद्युत उपकेन्द्र से जुड़े इलाकों में बिजली विभाग की टीम नियमित रूप से जांच करेंगे। दुर्घटनाओं के मद्देनजर पण्डालों के कनेक्शन प्वाइंट को चिन्हित कर कर्मचारी रोजाना जांच कर रहे हैं। इसमें बिजली के उपकरणों को दुरूस्त कर बिजली तारों को कसे जा रहे हैं। बिजली विभाग के अधिकारियों ने निरंतर निगरानी के निर्देश दिये हैं।

आरोपित अंकुश छह माहके लिए जिला बदर

नैनी थाना क्षेत्र के छोटा चाका निवासी अंकुश को छह महीने के लिए जिला बदर कर दिया गया है। उसके खिलाफ हत्या के प्रयास, बम से हमला करने, मारपीट और जान से मारने की धमकी समेत सात मुकदमे दर्ज हैं। अपर पुलिस आयुक्त विजय ढुल की अदालत ने

हत्याके प्रयास सहित सात आपराधिक केस हैं दर्ज

शुक्रवार को उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम, १९७० के तहत निष्कासन का आदेश जारी किया।पुलिस के अनुसार, अंकुश के खिलाफ वर्ष २०२२ से २०२५ के बीच कमिश्नरेट प्रयागराज के विभिन्न थानों में सात अभियोग पंजीकृत हुए थे। उसके आपराधिक इतिहास को देखते हुए जिला बदर की कारवाई की गई। अभियोजन और विपक्ष की दलीलें सुनने तथा उपलब्ध अभिलेखीय साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने छह महीने के लिए उसे कमिश्नरेट प्रयागराज की सीमा से निष्कासित करने का आदेश दिया। निष्कासन की अवधि में यदि अंकुश कमिश्नरेट की सीमा में पाया जाता है तो उसे गिरफ्तार कर गुंडा नियंत्रण अधिनियम के तहत आवश्यक विधिक कारवाई की जाएगी।

बच्चोंके विवादमें घरमें घुसकर महिलाओंपर हमला, चार घायल

करेली के अकबरपुर मोहल्ले में बच्चों के बीच हुए विवाद को लेकर घर में घुसकर चार महिलाओं से मारपीट करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि हमलावरों ने चेन, बेल्ट और हाथ में पहनी लोहे की वस्तु से महिलाओं पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। गालीगलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

अकबरपुर निवासी मोईज ने पुलिस को बताया कि वह बृहस्पतिवार को डिलीवरी के काम से बाहर गया था। रात करीब आठ बजे घर लौटने पर परिजनों ने घटना की जानकारी दी। आरोप है कि मोहल्ले के हमदू माया, आसिफ और उनका एक अज्ञात साथी घर में घुस आए। उन्होंने मोईज की पत्नी शबीना, रिश्तेदार शबनम, शोनी और शबनम की बेटी आफरीन के साथ मारपीट की। हमले में चारों महिलाएं घायल हो गईं। पीड़ित की शिकायत पर करेली पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कार दिलानेका झांसा देकर ६.५० लाख रुपयेकी ठगी

लोन स्वीकृत होने की बात कहकर बुलाया प्रयागराज, मुकदमा

कार दिलाने और लोन स्वीकृत कराने का झांसा देकर आगरा के एक व्यक्ति से करीब ६.५० लाख रुपये ठगने का मामला सामने आया है। आरोप है कि रुपये लेने के बाद आरोपितों ने पीड़ित के साथ धक्का-मुक्की की और उसे गाड़ी से नीचे गिराकर भाग निकले। पीड़ित की तहरीर पर सिविल लाइंस पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

आगरा के ग्राम बांसबादाम निवासी अनिल भारद्वाज के मुताबिक, करीब दो महीने पहले वह लखनऊ के एक शोरूम में कार बुक कराने गए थे। वहां उनकी मुलाकात पीयूष शुक्ला से हुई। उसने खुद को शोरूम का टीम लीडर बताया। आरोप है कि लोन स्वीकृत नहीं होने की बात कहकर बुकिंग निरस्त करा दी गई। इसके बाद पीयूष ने प्रयागराज के यूनाइटेड किया शोरूम से कार दिलाने का भरोसा दिया पीड़ित का आरोप है कि इस दौरान यूको बैंक के नाम पर करीब १.५० लाख रुपये जमा कराए गए। २२ सितंबर को पीयूष ने फोन कर कार का लोन स्वीकृत होने की जानकारी दी और शेष कीमत के लिए करीब ३.८६ लाख रुपये की व्यवस्था करने को कहा। इस पर अनिल लखनऊ स्थित आइडीबीआइ बैंक से अपने खाते से ३.५० लाख रुपये निकालकर प्रयागराज पहुंचो अनिल के अनुसार, रुपये लेने के बाद पीयूष उन्हें खाने-पीने के बहाने कुछ दूर ले गया। इसी दौरान सफेद रंग की कार से तीन अन्य लोग वहां पहुंचे। आरोप है कि पीयूष को रोकने का प्रयास करने पर उनके साथ धक्का-मुक्की की गई और उन्हें गाड़ी से नीचे गिरा दिया गया। इसके बाद चारों आरोपित वहां से चले गए। पीड़ित ने आरोप लगाया कि अलग-अलग समय पर उनसे करीब ६.५० लाख रुपये लिए गए, लेकिन कार नहीं दिलाई गई। इसके अलावा छह हस्ताक्षरित चेक भी ले लिए गए। तहरीर के आधार पर सिविल लाइंस पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पर्यटन की दृष्टिसे संगम क्षेत्रको करें विकसित-मण्डलायुक्त

गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम क्षेत्र को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जाय ताकि यहां पर वर्ष पर्यन्त आने वाले पर्यटकों को सुविधा और सहूलियत मिल सके।

यह निर्देश मण्डलायुक्त डाक्टर लोकेश एम. ने शुक्रवार को प्रयागराज मेला प्राधिकरण के अधिकारियों को दिया है। साथ ही यह भी निर्देश दिया है कि प्रयागराज के संगम क्षेत्र से क्रूज सेवा शुरू करने के लिए योजना तैयार की जाय जिससे पर्यटक जलमार्ग से भी अपने गंतव्य तक जा सकें। आज प्रयागराज मेला प्राधिकरण के आई ट्रिपलसी सभागार में माघ मेला से जुड़े सभी कार्यदायी विभागों के अधिकारियों ने अपने विभाग के कार्यों का पावर प्वाइंट प्रजेन्टेशन प्रस्तुत किया।

बमरौलीके ऐतिहासिक डाकघरमें सजी डाक टिकटोंकी अनूठी प्रदर्शनी

पोस्टकार्डपर बच्चोंने उकेरी कल्पनाएं, अंतर्देशीय पत्र लिखकर ताजा की चिट्ठियोंकी यादें

बमरौली स्थित ऐतिहासिक पुराने डाकघर में शुक्रवार को डाक टिकट प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। एयर फोर्स फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन (रीजनल), मुख्यालय मध्य वायु कमान, डाक विभाग और फिलैटेलिक सोसाइटी के संयुक्त सहयोग से आयोजित प्रदर्शनी में स्कूली बच्चों को भारत की समृद्ध डाक विरासत से रूबरू कराया गया। इसका उद्देश्य नई पीढ़ी को पारंपरिक संचार माध्यमों से परिचित कराने के साथ हस्तलिखित पत्रों के महत्व से अवगत कराना था।

प्रदर्शनी में बमरौली हवाई अड्डे के ऐतिहासिक महत्व और शुरुआती हवाई डाक सेवा से उसके जुड़ाव को भी दर्शाया गया। इसके लिए वायु सेना स्टेशन बमरौली और हवाई डाक सेवा से संबंधित विशेष खंड तैयार किया गया था। ऐतिहासिक भवन में प्रदर्शित डाक टिकटों और डाक सामग्री ने बच्चों को पुराने समय की संचार व्यवस्था के बारे में जानने का अवसर दिया। आयोजन के दौरान बच्चों ने पुराने जमाने के पोस्टकार्डों पर अपनी चित्रकला का हुनर दिखाया। इसके साथ ही उन्होंने अपने परिजनों के नाम अंतर्देशीय पत्र भी लिखे। डाक विभाग ने इन पत्रों को उनके परिजनों तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। बच्चों के लिए यह अनुभव खास रहा, क्योंकि डिजिटल दौर में उन्हें चिट्ठी लिखने और डाक के जरिये अपने प्रियजनों तक भावनाएं पहुंचाने का अवसर मिला। प्रदर्शनी के माध्यम से बच्चों की रचनात्मकता और सांस्कृतिक जागरूकता को प्रोत्साहित करने के साथ हस्तलिखित पत्राचार के प्रति रुचि बढ़ाने का प्रयास किया गया। आयोजन ने यह संदेश भी दिया कि संचार के आधुनिक साधनों के बीच चिट्ठियों का भावनात्मक महत्व आज भी बरकरार है। अतीत की डाक विरासत से नई पीढ़ी को जोड़ने वाली यह पहल बच्चोंके लिए यादगार बनी।



दो जोड़ी विशेष गाड़ियोंका होगा संचालन

रेल प्रशासन द्वारा पूजा एवं त्योहारों के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए दो जोड़ी विशेष गाड़ियों का संचालन करने का निर्णय लिया गया है। गाड़ी संख्या-०४०७० और ०४०६९ नयी दिल्ली- हावड़ा-नयी दिल्ली आरक्षित सुपर फास्ट विशेष गाड़ी नयी दिल्ली से १७ अक्तूबर को और हावड़ा से १८ अक्तूबर को चलेगी। इसी क्रम में गाड़ी संख्या-०९७०९ और ०९७१० खातीपुरा-कोलकाता-खातीपुरा विशेष गाड़ी चलेगी। गाड़ी संख्या-०९७०९ खातीपुरा से प्रत्येक बुधवार को २८ अक्तूबर से १८ नवम्बर के मध्य चार फेरे और गाड़ी संख्या- ०९७१० कोलकाता से प्रत्येक शुक्रवार को ३० अक्तूबर से २० नवम्बर के मध्य चार फेरे लगायेगी।